**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 2055**
**14 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

**अमृत 2.0**

**2055. श्री जी. सेल्वम:**
**श्री धनुष एम. कुमार**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) लागू कर रही है;
(ख) यदि हां, तो अमृत 2.0 के तहत शामिल किए गए शहरों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित और वितरित धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) मिशन अवधि के दौरान अमृत 2.0 परियोजनाओं के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार किए गए बजटीय आवंटन का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) तमिलनाडु में अमृत (1.0) परियोजनाओं के कार्यान्वयन की क्या स्थिति है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): जी, हाँ। सरकार शहरों को 'जल सुरक्षित' बनाने हेतु अक्टूबर 2021 में शुरू किए गए अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 को कार्यान्वित कर रही है। यह देश भर के 4,902 कस्बों/शहरों में चालू जल नल कनेक्शन और 500 अमृत शहरों में सीवेज/सेप्टेज कवरेज की सार्वभौमिक घरेलू कवरेज प्रदान करने पर केंद्रित है। इसे पूरा करने के लिए, जल आपूर्ति; जल निकायों का पुनरुद्धार और हरित स्थान और पार्क विकसित करना; और सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन और शोधित जल का पुन: उपयोग और अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर परियोजनाएं आरंभ की गई हैं। अमृत 2.0

के अंतर्गत शामिल शहरों की सूची निम्नलिखित लिंक पर लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करते हुए देखी जा सकती है:

**https://amrut.mohua.gov.in/Login**

**यूज़रनेम: PQResponse; पासवर्ड: PQ_Response_Dec_2023**

(ग) और (घ): अमृत 2.0 मिशन के तहत परियोजनाओं के लिए कुल बजटीय आवंटन 66,750 करोड़ रुपये है। परियोजनाओं के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार निधि का आवंटन और संवितरण तथा प्रशासनिक एवं अन्य व्यय (ए&ओई) अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ङ.) अमृत के तहत, तमिलनाडु की अनुमोदित राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) का आकार 11,194.78 करोड़ रुपये है, जिसमें 4,756.58 करोड़ रुपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता शामिल है और अब तक 4,397.29 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। अब तक, तमिलनाडु राज्य के लिए, 13,339.43 करोड़ रुपये की 445 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं हैं। इनमें से 3,392 करोड़ रुपये की 424 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और 9,947 करोड़ रुपये की शेष 21 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं। जैसा कि राज्य द्वारा बताया गया है, इन परियोजनाओं पर वर्तमान व्यय 10,841 करोड़ रुपये है।

------

अमृत 2.0" के संबंध में दिनांक 14-12-2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2055 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

## अमृत 2.0 के तहत निधियों का राज्यवार ब्यौरा

**(आंकड़े करोड़ रुपए में )**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता (परियोजनाएँ) | जारी (परियोजनाएँ) | प्रतिबद्ध सहायता (ए एंड ओई) | जारी (ए एंड ओई) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 36 | - | 1.16 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2948 | 213.12 | 95.81 | 15.6 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 226 | 29.50 | 7.35 | 3.34 |
| 4 | असम | 775 | 56.65 | 25.2 | 11.44 |
| 5 | बिहार | 2628 | 400.00 | 85.41 | 28.6 |
| 6 | चंडीगढ़ | 170 | 33.00 | 5.52 | 0.3 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1303 | 148.40 | 42.33 | 17.8 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 30 | - | 0.99 | - |
| 9 | दिल्ली | 2885 | 211.41 | 93.73 | 0.9 |
| 10 | गोवा | 85 | 15.76 | 2.76 | 1.5 |
| 11 | गुजरात | 4512 | 602.73 | 146.61 | 19.6 |
| 12 | हरियाणा | 1496 | 140.00 | 48.61 | 11.2 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 256 | 26.99 | 8.32 | 7 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 867 | 158.60 | 28.17 | 8.3 |
| 15 | झारखंड | 1183 | 104.52 | 38.43 | 6.85 |
| 16 | कर्नाटक | 4628 | 614.37 | 150.37 | 34.2 |
| 17 | केरल | 1374 | 148.74 | 44.65 | 10.2 |
| 18 | लद्दाख | 128 | 11.70 | 4.17 | - |
| 19 | लक्षद्वीप | 2 | - | 0.07 | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 4065 | 283.85 | 132.07 | 44.5 |
| 21 | महाराष्ट्र | 9310 | 1140.68 | 302.51 | 45.7 |
| 22 | मणिपुर | 170 | 17.05 | 5.52 | 2.8 |
| 23 | मेघालय | 111 | 65.07 | 3.62 | 1.1 |
| 24 | मिजोरम | 143 | 28.00 | 4.64 | 2.4 |
| 25 | नागालैंड | 176 | - | 5.73 | 4.1 |
| 26 | ओडिशा | 1373 | 292.39 | 44.61 | 12.3 |
| 27 | पुदुचेरी | 150 | 12.42 | 4.89 | 1.53 |
| 28 | पंजाब | 1836 | 254.69 | 59.67 | 18.3 |
| 29 | राजस्थान | 3552 | 309.28 | 115.41 | 24.2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | सिक्किम | 40 | 3.62 | 1.3 | 0.8 |
| 31 | तमिलनाडु | 4942 | 398.13 | 160.56 | 69.4 |
| 32 | तेलंगाना | 2789 | 100.00 | 90.63 | 15.5 |
| 33 | त्रिपुरा | 157 | 28.09 | 5.09 | 2.1 |
| 34 | उत्तरप्रदेश | 8161 | 521.41 | 265.19 | 80.9 |
| 35 | उत्तराखंड | 585 | 42.08 | 19.02 | 10.8 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 3658 | 495.65 | 118.88 | 18.8 |
| कुल | | 66,750 | 6907.89 | 2,169 | 532.06 |

******